तापमान

अधिकतम 21.0 डिग्री

न्यूनतम 19.0 डिग्री

# हरिभूमि मध्यांचल भूमि

रायपुर, शुक्रवार 22 नवंबर 2024

14 नगर पंचायत लवन में विकास कार्यों के लिए 64 लाख रुपए की मिली स्वीकृति




14 सहकारी समिति के अध्यक्षों ने मंत्री का माना आभार





## खबर संक्षेप




### नपं भटगांव के गौरव पथ पर आवागमन शुरू

**भटगांव।** नगर पंचायत भटगांव में गौरव पथ को साकार करने में नगर पंचायत भटगांव के जनप्रतिनिधियों ने अपनी दृढ़ निश्चयी होकर अपनी पूरी टीम के साथ लगन एवं ईमानदारी से इस गौरवपथ को लाने में अथक प्रयास किया जो आज साकार होने की कगार पर है पिछले 3–4 वर्ष से नगर पंचायत भटगांव में गौरव पथ निर्माण कार्य प्रशासनिक प्रक्रिया के चलते अधर में लटका हुआ था। किंतु यह जनप्रतिनिधियों का कड़ी मेहनत एवं लगन का नतीजा है कि यहां की जनता को गौरव पथ में चलने का सौभाग्य नसीब हो रहा है। भले ही इसे पूर्णरूप में आने में अभी समय है, किंतु कार्य बड़ी शीघ्रता के साथ एवं उच्च गुणवत्ता वाली गौरवपथ निर्माण कार्य यह भटगांव–चांपा मार्ग में किया जा रहा है। यह लोगों के लिए आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। नगर भटगांव को विकास की और ले जाने में नगर पंचायत भटगांव के जनप्रतिनिधियों के समूह का विशेष योगदान रहा है। गौरवपथ को फोर लाइन की तर्ज पर सड़क चौड़ीकरण का कार्य हो चुका है। डिवाइडर और लाइट का कार्य अतिशीघ्र पूर्ण कर ली जाएगी। इसके बन जाने से नगर भटगांव का स्वरूप ही बदल जाएगा।

### सिमगा सहकारी समिति में प्राधिकृत अधिकारी का शपथ ग्रहण आज

**सिमगा।** प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति सिमगा में छोटू यादव को प्रदेश सरकार द्वारा प्राधिकृत अधिकारी मनोनीत किया गया है। श्री यादव आज मंडी परिसर में आयोजित कार्यक्रम में शपथ लेंगे।

### खरोरा विद्यालय में हुई मध्य क्रम ऑनलाइन परीक्षा



**खरोरा।** आई.सी.टी. योजना अंतर्गत लैब के माध्यम से वर्तमान ज्ञान के आंकलन व प्रगति के लिए मध्य क्रम ऑनलाइन परीक्षा मिड टर्म ऑनलाइन टेस्ट 14 अक्टूबर से 20 नवंबर के मध्य प्रस्तावित था। मध्य क्रम में विद्यार्थियों की अंग्रेजी, हिंदी, गणित, सामाजिक विज्ञान, विज्ञान तथा कंप्यूटर संबंधी 30 मिनट की वस्तुनिष्ठ प्रश्न आधारित परीक्षा शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला खरोरा ई.एस.पी.एल. कोड 852 में 14 अक्टूबर से 20 नवंबर के मध्य ऑनलाइन परीक्षा आयोजित की गई। परीक्षा में शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला खरोरा से 85 विद्यार्थियों ने ऑनलाइन परीक्षा में हिस्सा लिया। ऑनलाइन परीक्षा में बच्चों का परिणाम उत्तम रहा। माध्यमिक शाला खरोरा की प्रधान पाठक सुशीला वर्मा ने कहा कि इस तरह की परीक्षा से बच्चों की आकलन व प्रगति परिलक्षित होती है। ऑनलाइन परीक्षा में विशेष सहयोग विद्यालय के शिक्षक जीरा पाध्याय, चंद्रशेखर साहू, रमेश कुमार वर्मा, प्रीति वर्मा, रामकरण वर्मा, जिला समन्वयक ढाकेंद्र कुमार, एवं डीजी मित्र अमर बर्मन ने किया।

### चतुर्थ वर्ग कर्मचारी संघ की बैठक कल

**महासमुंद।** छग लघुवेतन शासकीय चतुर्थ वर्ग कर्मचारी संघ जिला शाखा महासमुंद की बैठक 23 नवंबर शनिवार को सुबह 10 बजे तहसील कार्यालय महासमुंद के सामने तृतीय वर्ग कर्मचारी भवन में बैठक आहूत की गई है। ज

# किसी भी स्थिति में नशा करने वाले व्यक्ति को वाहन चालक के कार्य में नहीं रखे

## जिले के समस्त ट्रांसपोर्टर की पुलिस अधीक्षक ने ली बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

ट्रांसपोर्टर यातायात के समस्त नियमों का पालन करें। किसी भी स्थिति में शराब आदि नशा करने वाले व्यक्ति को वाहन चालक के कार्य में नहीं रखें।

उक्त बातें बलौदाबाजार पुलिस अधीक्षक द्वारा जिले के समस्त ट्रांसपोर्टर की बुधवार दोपहर को बैठक लेने के दौरान कही। उन्होंने समस्त ट्रांसपोर्टर को यातायात के समस्त नियमों का कड़ाई से पालन करने हेतु निर्देशित किया गया। इसके साथ ही उन्होंने विशेष रूप से कहा कि किसी भी स्थिति में शराब पीकर वाहन चलाने वाले ड्राइवर को काम पर ना रखें। ऐसे ड्राइवर को काम पर रखना सुरक्षा व्यवस्था के दृष्टिकोण से कदापि सही नहीं है।

बैठक के दौरान पुलिस अधीक्षक ने कहा कि समस्त वाहनों में पार्किंग लाइट अवश्य लगाएं। साथ ही वाहन चालकों के खाना खाने के दौरान वाहन को सुरक्षित जगह में पार्क करके खाना खाने के लिए जाएं। उन्होंने आगे कहा कि अक्सर सड़क पर वाहन जब खराब होता है, तो ड्राइवर वाहन और उसके आसपास झाड़, डंगाल डाल दे देते हैं, जो कि बिल्कुल गलत है। उन्होंने विशेष रूप से कहा कि समस्त ट्रांसपोर्टर वाहनों की समुचित पार्किंग के लिए सुव्यस्थित यार्ड का निर्माण करें। अपने वाहनों को उन्ही यार्ड में ही पार्क करें।



### वाहनों में समुचित ढंग से रेडियम पट्टी अवश्य लगाएं

उपपुलिस अधीक्षक यातायात ने बैठक के दौरान समस्त ट्रांसपोर्टर को अपने वाहनों में रेडियम पट्टी लगाने, ओवरलोड वाहन नहीं चलवाने, निर्धारित पार्किंग स्थल में ही अपने वाहन पार्क करने संबंधी बातों का पालन करने हेतु जोर दिया। इस दौरान रात्रि के समय डिपर लाइट का प्रयोग करने एवं ग्राम रहवासी क्षेत्र से गुजरने के दौरान संयमित गति से वाहन चलाने हेतु निर्देशित किया गया।

## निष्पादन : अवैध रूप से शराब बिक्री मामले में की गई थी जब्त

# 33163.103 बल्क लीटर शराब पर रोलर चलवा कर पुलिस ने किया नष्ट

### आबकारी एक्ट के 1934 प्रकरणों में आरोपियों से की गई बरामद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

जिला के समस्त थाना व चौकियों में आबकारी एक्ट के तहत मालखाने में रखी जब्त शराब का जिला स्तर पर नष्टीकरण किया गया। आबकारी एक्ट के 1934 प्रकरणों में 33163.103 बल्क लीटर बरामद की गई थी।

पुलिस महानिरीक्षक रायपुर रेंज रायपुर से प्राप्त निर्देशों के पालन में गुरुवार को जब्त शराब का नष्टीकरण किया गया। रोड रोलर से नष्टीकरण की प्रक्रिया के लिए बलौदाबाजार एवं कसडोल पुलिस अनुविभाग के थाना चौकी के लिए उपपुलिस अधीक्षक कौशल किशोर वासनिक, सहायक जिला आबकारी विभाग अधिकारी जलेश कुमार सिंह, तहसीलदार लवन किशोर कुमार वर्मा एवं निरीक्षक थाना प्रभारी लवन निरीक्षक शशांक सिंह की टीम गठित की गई थी। इसी प्रकार भाटापारा पुलिस अनुविभाग स्थित थाना चौकी हेतु अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक एवं एसडीओपी भाटापारा ऐश्वर्य चंद्राकर, तहसीलदार सिमगा अनिरुद्ध मिश्रा, थाना प्रभारी सिमगा निरीक्षक योगिताबाली खापर्डे एवं आबकारी उपनिरीक्षक देवनंदन सिंह टंडन की टीम गठित की गई थी।




### थाना- चौकी के मालखानों से लाया गया शराब का विवरण

नष्टीकरण की प्रक्रिया में थाना भाटापारा ग्रामीण 45 प्रकरण में 459.82 लीटर, थाना भाटापारा शहर 33 प्रकरण 218.22, थाना सिमगा 101 प्रकरण 975.070, थाना सुहेला 42 प्रकरण 4832.04 थाना हथबंद 35 प्रकरण 331.560, थाना लवन 440 प्रकरण 7390.55, थाना सिटी कोतवाली 390 प्रकरण 3957.53, थाना कसडोल 163 प्रकरण 2639.56, थाना गिधौरी 103 प्रकरण 2788.98, थाना गिधपुरी 114 प्रकरण 927.58, थाना पलारी 153 प्रकरण 4767.22, थाना राजादेवरी 44 प्रकरण 865.44, चौकी सोनाखान 23 प्रकरण 416.179, चौकी गिरौदपुरी 46 प्रकरण 766.274, चौकी बया 121 प्रकरण 1064 एवं चौकी करहीबाजार 81 प्रकरण 765.08 बल्क लीटर शराब मालखानों में रखी थी, जिसका नष्टीकरण किया गया। कुल कुल 33163.103 बल्क लीटर शराब का विधिवत नष्टीकरण हुआ।

### वाहनों को राजसात करने की प्रकिया शुरू की

संपूर्ण कार्रवाई में जिले के विभिन्न थाना- चौकियों में अवैध रूप से शराब बिक्री करने के मामले में दर्ज आबकारी एक्ट के 1934 प्रकरणों में जब्त कुल 33163.103 बल्क लीटर शराब का विधिवत नष्टीकरण कराया गया। इसी क्रम में अवैध रूप से शराब बिक्री के जिन प्रकरणों में वाहन जब्त किया गया है। उन वाहनों की राजसात कार्रवाई अभी प्रक्रियाधीन है।

# नान ड्यूटी पेड करीब एक लाख की शराब जब्त



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

आबकारी विभाग द्वारा बुधवार को 75.6 बल्क लीटर नॉन ड्यूटी पेड गोवा विदेशी मदिरा जब्त किया गया है जिसका बाजार मूल्य 94 हजार 6 सौ रूपये है। कलेक्टर दीपक सोनी के निर्देश एवं जिला आबकारी अधिकारी गजेंद्र कुमार सिंह के मार्गदर्शन में 20 अक्टूबर को ग्राम शुकलाभाठा नहर के पार पर मुखबिर सूचना के आधार पर आरोपी सचिन कोसले और पुसऊराम बांधे के द्वारा वाहन क्रमांक सीजी 22 एक्स 8620 टीवीएस स्टारसिटी में परिवहन करते कुल 240 पाव मात्र 43.2 बल्क लीटर विदेशी मदिरा गोवा व्हिस्की बरामद कर न्यायिक रिमांड में जेल भेजा गया। इसी तरह एक अन्य प्रकरण में ग्राम छेरकापुर में ग्राहक की तलाश में खड़े आरोपी भूपेश कुमार कुर्रे के कब्जे से 140 पाव,कुल जब्त मात्र 32.4 बल्क लीटर विदेशी मदिरा गोवा व्हिस्की जब्त कर न्यायिक हिरासत में जेल भेजा गया। इस प्रकार कुल 75.6 बल्क लीटर विदेशी मदिरा गोवा व्हिस्की जब्ती कर आरोपीयों के विरुद्ध छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 34(2) 59(क)प्रकरण कायम कर प्रकरण विवेचना में लिया गया। उक्त कार्रवाई मे सहायक जिला आबकारी अधिकारी जलेश सिंह, आबकारी उपनिरीक्षक मनराखन नेताम,आबकारी मुख्य आरक्षक मदन ध्रुव,नगर सैनिक श्रीमती राजकुमारी, चिंतामणी डहरिया,शीतल यादव वाहन चालक नीलेश,रजत का विशेष योगदान रहा।

# टोकन नहीं मिलने से मुंडा केंद्र में धान खरीदी ठप



हरिभूमि न्यूज ▶▶| मुंडा

समर्थन मूल्य में धान खरीदी 14 नवंबर से प्रारंभ हो गई है। पिछले वर्ष की तुलना में इस वर्ष 14 दिन लेट से धान खरीदी प्रारंभ हुई है। यानी 1 नवंबर की बजाय 14 नंबर से इस वर्ष धान खरीदी प्रारंभ हुई है। इसके बावजूद कई उपार्जन केंद्रों में अभी तक धान खरीदी की बोहनी ही नहीं हुई है।

जिला सहकारी केंद्रीय बैंक शाखा लवन के अंतर्गत प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति उपार्जन केंद्र मुंडा में एक सप्ताह बीत जाने के बाद भी अभी तक किसी भी किसान ने ऑनलाइन टोकन नहीं किया है जिसके चलते धान खरीदी केंद्र में धान खरीदी की बोहनी नहीं हो पाई है। मुंडा के धान खरीदी प्रभारी गीता वर्मा समिति प्रबंधक शेखर साहू कंप्यूटर ऑपरेटर बिंदेश्वरी श्रीवास ने बताया कि उपार्जन केंद्र मुंडा में मुंडा के अलावा कोलिहा सरवाडीह ▶▶ शेष पेज 13 पर



### प्राधिकृत अधिकारी ने ग्रहण किया पदभार

**बलौदाबाजार।** ग्रामीण सेवा सहकारी समिति बलौदाबाजार पंजीयन क्रमांक 368 के नवनियुक्त अशासकीय प्राधिकृत अधिकारी संतोष पटेल को समिति प्रबंधक रोहित यादव ने प्रमाण पत्र देकर पदभार ग्रहण कराया। संतोष पटेल ने समिति की प्रगति और पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए अपने कर्तव्यों को निष्ठा और ईमानदारी से निभाने का संकल्प लिया। इस दौरान समिति संचालन और किसानों की आर्थिक समृद्धि के लिए नए प्रयासों पर चर्चा हुई। पदभार ग्रहण समारोह में ▶▶ शेष पेज 13 पर

# कलेक्टर ने दो दिव्यांग दंपती को एक-एक लाख की प्रोत्साहन राशि का चेक दिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

■ मुख्यमंत्री का हितग्राहियों ने धन्यवाद ज्ञापित किया, कहा- रोजगार को नया आयाम मिलेगा

ग्राम परसापाली से आये हुए दिव्यांग दम्पत्ति राम लाल यादव एवं श्रीमती रामकुमारी यादव, विकासखंड पलारी अंतर्गत ग्राम घोटिया निवासी महेंद्र कुमार सांडे एवं मधुबाला मांजरे को निःशक्तजन विवाह प्रोत्साहन योजना अंतर्गत कलेक्टर दीपक सोनी ने एक–एक लाख रूपये की सहायता राशि प्रदान कर शुभकामनाएं दी है। राशि मिलने पर हितग्राहियों ने राज्य सरकार के प्रति खुले में मन से आभार व्यक्त किया है।



महेंद्र कुमार ने बताया की हम दोनों की शादी मई 2024 में हुई है। योजना के संबंध में जानकारी मिलने पर हमने जिला कार्यालय में आवेदन किया। आज हम दोनों को समाज कल्याण विभाग द्वारा 50–50 हजार रुपये प्रोत्साहन राशि के रूप में मिल रहा है। मेरा पलारी नगर में एक छोटा सा फूलों का दुकान है। यह राशि मेरे इस दुकान को आगे बढ़ाने में उपयोगी सिद्ध होगा। इस राशि का उपयोग कर मै दुकान को विस्तार करके अपने और अपने परिवार की आजीविका चलाऊंगा। इस योजना के लिए मैं मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय और जिला प्रशासन का बहुत बहुत धन्यवाद ज्ञापित करता हूं। उक्त ▶▶ शेष पेज 13 पर

## मुआवजा राशि के लिए भटक रहे सिमगा के किसान

# एनएच ने अधिग्रहित की किसानों की भूमि 12 साल बाद भी नहीं मिल पाया मुआवजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिमगा

राष्ट्रीय राज्य मार्ग रायपुर बिलासपुर के मध्य सिमगा के समीप ट्रक रेस्ट एरिया निर्माण के लिए 12 वर्ष पूर्व शासन द्वारा सिमगा के कृषक अनुज, राजकुमार, एवं अशोक सोनकर से ढ़ाई एकड़ भूमि अधिग्रहण किया गया था। कृषक की कुछ भूमि में राष्ट्रीय राज्य मार्ग द्वारा निर्माण भी किया गया। जिस भूमि में ट्रक रेस्ट एरिया का निर्माण किया गया है उसका राष्ट्रीय राज्य मार्ग की ओर से कृषि भूमि के मापदंड के अनुसार कृषक को मुआवजा राशि प्रदान की गई। जबकि उक्त भूमि का डायवर्सन हो चुका था, फिर भी डायवर्टेड भूमि की दर पर कृषक को 12 वर्ष बाद भी मुआवजा राशि प्राप्त नहीं हुई है। पीड़ित कृषकों ने बताया कि यह भूमि हम तीनों भाइयों की आजीविका का एक मात्र साधन है। हमने 12 वर्ष पूर्व कमिश्नर ऑफिस रायपुर में आवेदन दिया था कि हमें हमारी भूमि का उचित मुआवजा राशि प्रदान की जाए, लेकिन आज तक डायवर्सन के अनुसार मुआवजा राशि के लिए वे भटक रहे हैं। राष्ट्रीय राज्य मार्ग के सब इंजीनियर एवं अन्य अधिकारी एवं ठेकेदार कृषक की फसल लगी भूमि पर जेसीबी मशीन चलवाकर भूमि को लेबल करने लगे तब कृषक अनुज एवं उनके भाईयों ने मौके पर उपस्थित राष्ट्रीय राज्य मार्ग के सब इंजीनियर आशुतोष पुसाल्वर, ठेकेदार नित्यानंद सिंह एवं सिमगा तहसीलदार अनिरुद्ध मिश्रा से निवेदन कर ढेड़ माह का समय मांगा, ताकि उनकी फसल की कटाई हो सके। जिसे अधिकारियों ने मान लिया।




### महिषासुर वध प्रसंग में नारी शक्ति का वर्णन

**बलौदाबाजार।** नगर के षष्ठी मंदिर प्रांगण में जारी देवी भागवत पुराण कथा को श्रवण करने प्रतिदिन सैकड़ों की संख्या में भक्तजन पहुंच रहे हैं। कथा के छठवें दिन ब्यास गद्दी पर विराजित कथा वाचिका देव भक्ति द्विवेदी वृंदावन धाम ने महिषासुर वध की कथा के माध्यम से नारी शक्ति का वर्णन किया। इस अवसर पर विश्व हिन्दू परिषद दुर्गा वाहिनी की महिलाओं के द्वारा सजीव झांकी प्रस्तुत की गई।



## पाठक सूचना

बलौदाबाजार-भाटापारा जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

8224035555, 8370049468

## खबर संक्षेप



### पुरानी मांगों पर डाक्टरों ने सौंपा ज्ञापन

**रायपुर।** विभिन्न समस्याओं को लेकर सीजी डाक्टर फेडरेशन ने स्वास्थ्य मंत्री को ज्ञापन सौंपा है। मांग की गई है कि वर्ष 2018 बैच के 90 से अधिक चिकित्सकों की बॉण्ड पोस्टिंग नहीं हुई है, उन्हे पदस्थ किया जाए। पीजी कोर्स के लिए तीन वर्ष का सवैतनिक अवकाश दिया जाए। स्टेट कोटे से एम्स के पासआउट एमबीबीएस छात्रों को सीट नहीं दिया जाए। साथ ही बांड अवधि को एक साल करने के साथ चिकित्सकों को नियमित रजिस्ट्रेशन दिया जाए।

### खेमचंद को पीएचडी

**रायपुर।** जिला-खैरागढ़ के ग्राम दामरी निवासी खेमचंद टंडन पं.



रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय से पीएचडी की उपाधि प्रदान किया गया। खेमचंद ने भूगोल अध्ययनशाला के सहायक प्राध्यापक डॉ. टीके सिंह के निर्देशन में छत्तीसगढ़ (भारत) के दुर्ग-राजनांदगाँव उच्चभूमि में जनजातियों की शैक्षिक गत्यात्मकता एक भौगोलिक विश्लेषण विषय में शोध किया।

### मधु को पीएचडी

**रायपुर।** जिला-बेमेतरा के ग्राम मेहना निवासी मधु सिंह को पं.



रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय से पीएचडी की उपाधि प्रदान किया गया। मधु ने भूगोल अध्ययनशाला के सहायक प्राध्यापक डॉ. टीके सिंह के निर्देशन में बेमेतरा जिले में शिशु मर्त्यता पर स्वास्थ्य सुविधाओं का प्रभावः एक भौगोलिक विश्लेषण विषय में शोध किया।

# नया रायपुर में 167 में 100 बसें संचालित, सिटी में 48 चला रहे, मेंटेनेंस के अभाव में स्टॉपेज कबाड़

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

खास खबर

शहर की सड़कों पर ई-रिक्शा व ऑटो चालकों के मनमाने किराए की मार जहां लोग झेल रहे हैं, वहीं निगम द्वारा संचालित 167 में से 100 बसें नया रायपुर और रायपुर के बीच कर्मचारियों के लाने ले जाने में लगी हैं। आम लोगों के लिए अभी भी सिर्फ 48 सिटी बसें ही निगम चलवा रहा है। नतीजा, सभी बसों के स्टॉपेज के लिए शहर में बनवाए गए 120 से भी ज्यादा बस स्टॉपेज कबाड़ हो रहे हैं। इनमें यात्रियों के लिए लगाई गई कुर्सियां ही नहीं, बसों की टाइमिंग बताने वाले डिस्प्ले बोर्ड भी गायब हैं।राजधानी में आने-जाने वाले लोगों को पब्लिक ट्रांसपोर्ट की सुविधा देने और कमाई के लिए रायपुर निगम ने सिटी बसों का संचालन तो शुरू किया है। इसके बाद भी ऑटो चालकों द्वारा वसूले जाने वाले मनमाने किराए की मार से लोगों को राहत नहीं मिल रही है।

## राजधानी में बनवाए गए 120 से ज्यादा सिटी बस स्टॉपेज से डिस्प्ले बोर्ड, कुर्सियां भी गायब

### बस स्टॉपेज का भी हाल-बेहाल

पड़ताल में पाया गया कि शास्त्री चौक से रेलवे स्टेशन, पुराना बस स्टैंड से तेलीबांधा, शास्त्री चौक से आमानाका चौक सहित फाफाडीह से भनपुरी चौक जैसे सभी प्रमुख रूटों पर निगम ने 120 से ज्यादा बस स्टॉपेज बनवाया है। इनमें यात्रियों को बसों की टाइमिंग बताने के लिए डिस्प्ले बोर्ड लगाने के साथ ही यात्रियों को बैठने के लिए कुर्सियां भी लगवाई गई थी। अभी मौके पर न तो डिस्प्ले बोर्ड देखने को मिल रहा और ज्यादातर स्थानों से तो कुर्सियां भी चोरी हो गई हैं। इनकी सुध भी निगम नहीं ले रहा है।



### डिपो में सड़ रही 19 सिटी बसें

कोविड के समय सिटी बसों का संचालन बंद होने से दो दर्जन बसें कबाड़ की स्थिति में पहुंच गई थीं। मेंटेनेंस के लिए जब सरकार से फंड की मंजूरी मिली, उसके बाद भी मेंटेनेंस में विलंब के चलते सिटी बसों का परिचालन शुरू करने में विलंब हुआ। सरकार से 2023 में 1.25 करोड़ की मंजूरी मिली। इसके बाद बसों का मेंटेनेंस करवाने के बाद उन्हें शुरू तो किया, लेकिन 19 बसों का मेंटेनेंस अभी तक नहीं होने से पंडरी डिपों में मौसम की मार से सड़ रही हैं। इनका मेंटेनेंस जिम्मेदार नहीं करवा पाए हैं।

### ई-बसें शुरू होने पर करवाएंगे मेंटेनेंस

अभी शहर में 48 सिटी बसों का ही संचालन विभिन्न रूटों पर किया जा रहा है। 100 बसें रायपुर से नया रायपुर के बीच चल रही हैं। कर्मचारियों को लाने ले जाने में उन्हें लगाया गया है। ई-बसें शुरू होने से पहले ही बस स्टॉपेज का मेंटेनेंस करवाएंगे।

- **विनोद कुमार पांडेय,** अपर आयुक्त, नगर निगम, रायपुर

## कामरेड सुधीर मुखर्जी वार्ड क्रमांक-54 का मामला


# एक-दो साल पहले मिला पट्टा, निगम ने लगा दिया 7-8 वर्ष का संपत्ति कर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

संपत्ति कर पटाने नगर निगम द्वारा भेजे गए नोटिस ने राजधानी रायपुर के कामरेड सुधीर मुखर्जी वार्ड क्रमांक-54 में पट्टे के मकानों में निवासरत परिवारों के होश उड़ा दिए हैं। इन परिवारों को एक-दो वर्ष नहीं, बल्कि वर्ष 2016 से लेकर चालू वर्ष तक का प्रॉपर्टी टैक्स पटाने के लिए नोटिस जारी किया गया है।


हरिभूमि सरोकार

इतने वर्षों से लंबित प्रॉपर्टी टैक्स की राशि एक साथ जारी करने के कारण 40 हजार से लेकर करीब 80 हजार रुपए तक प्रॉपर्टी टैक्स का डिमांड बिल भेजा गया है। बिल की इतनी बड़ी राशि देखकर कई परिवारों की चिंता बढ़ गई है, क्योंकि इनमें कई ऐसे भी परिवार हैं, जो अभी भी कच्चे मकानों में निवास कर रहे हैं। इधर नगर निगम के राजस्व अधिकारियों का कहना है कि नजूल हो या पट्टाधारी संपत्ति, हर किसी को प्रॉपर्टी टैक्स का भुगतान करना अनिवार्य है। पिछले वर्ष कई परिवारों को पट्टा दिया गया है, लेकिन उस संपत्ति पर परिवार जितने वर्षों से काबिज है, उन्हें उतने वर्षों का ही प्रॉपर्टी टैक्स देना होगा।





■ नोटिस पाकर मकान मालिकों के उड़े होश



**कविता नगर में 50 से अधिक पट्टाधारी आवासों को नोटिस जारी :** *जोन-10 अंतर्गत संतोषी नगर क्षेत्र के कविता नगर में ही रहने वाले 50 से अधिक पट्टाधारी मकान मालिकों को निगम द्वारा डिमांड बिल भेजा गया है। इस वार्ड की पार्षद उमा निर्मलकर के पति चंद्राहास निर्मलकर ने बताया कि उनके वार्ड में कविता नगर में जिन लोगों को पिछले दो वर्ष के दौरान जिन्हें पट्टा वितरण किया गया है, उनमें कई लोग अभी भी कच्चे एवं झोपड़ीनुमा मकानों में रहते हैं। ये लोग काफी गरीब हैं। बमुश्किल अपना और परिवार का जीवन-यापन कर पाते हैं। ऐसे में अचानक इन लोगों को एक साथ हजारों रुपए का प्रॉपर्टी टैक्स बिल का नोटिस देना गलत है। जिन परिवारों को नोटिस मिला है, उनमें कइयों का कहना है कि कुछ वर्ष पहले वे प्रॉपर्टी का टैक्स देना चाहते थे, लेकिन निगम के अधिकारी ही उन्हें रोकते आ रहे थे कि पट्टा वाली संपत्ति का अभी टैक्स लिया नहीं जा रहा है। अब ऐसे में इतने वर्षों का एक साथ टैक्स का वे कैसे भुगतान कर पाएंगे।*

**केस 1**

### अंगेश को 76 हजार रुपए का नोटिस

कविता नगर निवासी अंगेश साहू ने बताया कि निगम द्वारा उसे 76 हजार रुपए का डिमांड बिल भेजा गया है। यह बिल वर्ष 2016 से लेकर चालू वर्ष तक का है। इस बिल में सर चार्ज 2774 रुपए, यूजर चार्ज 2040 रुपए, जलकर 4200 तथा पिछला बकाया राशि 41800 रुपए है। उन्होंने बताया कि वर्ष 2023 में उसे मकान का पट्टा मिला है, लेकिन वह कई वर्षों से टैक्स पटाने का प्रयास करते आ रहा है। हर बार निगम के राजस्व अधिकारी ही उन्हें मना करते आ रहे थे।

**केस 2**

### कामरू निशा को 41 हजार रुपए का नोटिस

कामरू निशा भी कविता नगर में पिछले कई वर्षों से छप्पड़ वाले मकान में निवासरत है। आर्थिक रुप से कमजोर होने की वजह से उनका परिवार अब तक मकान को बनवा नहीं पाए है। ऐसे में निगम द्वारा 41 हजार रुपए का डिमांड बिल भेजा गया है। इस नोटिस के बाद से उसका परिवार चिंता में है कि इस राशि का भुगतान कैसे करेंगे।

**केस 3**

### छप्पर वाला घर

बाबाराम साहू भी इस कालोनी में पिछले कई वर्षों से परिवार के साथ रहता है। इनका घर भी छप्पर वाला है। निगम द्वारा इस परिवार को भी हजारों रुपए का डिमांड बिल भेजा गया है। इसके बाद से उनका परिवार भी चिंतित है।

**जोन कमिश्नर से छूट की मांग :** *कविता नगर के पार्षद प्रतिनिधि के नेतृत्व में मोहल्ले के करीब दर्जनभर लोगों ने एक साथ भेजे गए डिमांड बिल के विरोध में जोन कमिश्नर से भी मिल चुके है। इस मामले में जोन कमिश्नर से पट्टा वितरण के पूर्व वर्षों का प्रॉपर्टी बिल राशि को माइनस कर छूट देने की मांग की गई है। हालांकि कमिश्नर ने उन्हें जानकारी दी है कि टैक्स नियम के तहत लगाया गया है। इसमें छूट दिया नहीं जा सकता है।*

### नियम के तहत भुगतान करना होगा

प्रॉपर्टी नजूल हो या पट्टे की। अगर लोग उस प्रॉपर्टी पर काबिज हैं, तो उन्हें प्रॉपर्टी टैक्स का भुगतान करना होगा। यह नियम में है। एक मुश्त में अगर कोई भुगतान नहीं कर सकता है, तो किस्तों में करने के लिए आवेदन कर सकता है।

- **विवेकानंद दुबे,** उपायुक्त राजस्व, नगर निगम रायपुर

# पूर्व महाधिवक्ता की अग्रिम जमानत याचिका खारिज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



■ रानू, सौम्या की जमानत याचिका को कोर्ट ने किया खारिज

नान घोटले में आरोपी बनाए गए पूर्व माहाधिलक्ता सतीषचंद्र वर्मा की अग्रिम जमानत याचिका स्पेशल कोर्ट ने बुधवार को खारिज कर दी है। इसके साथ ही निलंबित आईएएस रानू साहू तथा निलंबित राज्य प्रशासनिक सेवा की अफसर सौम्या साहू का कोर्ट ने जमानत आवेदन खारिज कर दिया है।

सतीष चंद्र वर्मा की ओर से पेश किए गए अग्रिम जमानत पर बचाव पक्ष के वकील ने दलील पेश करते हुए कहा कि ईडी की सूचना के आधार पर ईओडब्लू ने बगैर किसी जांच के अपराध दर्ज किया है। बचाव पक्ष के वकील ने कोर्ट को बताया कि वाट्सएप चैट के आधार पर बगैर किसी पुख्ता साक्ष्य के सतीषचंद्र को आरोपी बनाया गया है। अभियोजन पक्ष के वकील ने बचाव पक्ष के वकील की दलीलों का विरोध करते हुए कहा कि सतीषचंद्र वर्मा को आईटी छापा के दौरान मिले साक्ष्य तथा मोबाइल से मिले चैट के आधार पर आरोपी बनाया गया है। अभियोजन पक्ष के वकील ने सतीषचंद्र को जमानत का लाभ दिए जाने से उसके विदेश फरार होने की आशंका जताई।

## पृथ्वी पर धर्म की स्थापना के लिए हुआ भगवान श्रीराम का जन्म : आचार्य पांडेय



**रायपुर।** भगवान श्रीराम अवतारी पुरुष थे। उन्हें विष्णु जी का सातवां अवतार माना जाता है। श्रीराम का अवतार धरती पर मर्यादा का संदेश देने के लिए हुआ था। इसलिए प्रभु श्री रामचंद्र जी को मर्यादा पुरुषोत्तम के नाम से भी जाना जाता है। पृथ्वी पर धर्म की स्थापना के लिए भगवान श्रीराम का जन्म हुआ। ये बातें डूमरतराई में चल रहे श्रीराम कथा के तीसरे दिन बुधवार को दौरान आचार्य युवराज पांडेय महाराज ने कहीं। उन्होंने आगे भक्तों को भगवान श्रीराम की जन्मोत्सव की कथा बताई। उन्होंने कहा कि, भगवान जब-जब जन्म या अवतार लेते हैं तब तक कोई एक कारण नहीं रहता है उनके अनेक कारण रहते हैं और अनेक कर्म को देखते हुए ही भगवान अवतार लेते हैं। प्रभु श्रीराम ने जब अवतार लिया तो मर्यादा की स्थापना के साथ ही परिवार में माता-पिता, भाई-बहन, पति-पत्नी की क्या भूमिका रहती है यह भी भगवान श्रीराम से सीख मिलती है।

# स्वास्थ्य मंत्री जायसवाल ने की विभागीय योजनाओं की समीक्षा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने मंगलवार को नवा रायपुर के स्वास्थ्य भवन में विभागीय कार्यों की समीक्षा की। चिकित्सा शिक्षा, स्वास्थ्य सेवाएं, आयुष, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, सीजीएमएससी एवं खाद्य एवं औषधि विभाग से जुड़े मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की गई। जायसवाल ने अधिकारियों को निर्देशित किया है कि स्वास्थ्य जनहित से जुड़ा एक बड़ा मुद्दा है और इसमें कोई कोताही नहीं होनी चाहिए। उन्होंने अधिकारियों से प्रदेश की स्वास्थ्य सुविधाओं में विस्तार और मरीजों को बेहतर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराना सुनिश्चित करने के लिए कहा।


बैठक में अपर मुख्य सचिव मनोज कुमार पिंगुआ, विशेष सचिव खाद्य एवं औषधि विभाग चंदन कुमार, आयुक्त चिकित्सा शिक्षा किरण कौशल, आयुक्त सह संचालक स्वास्थ्य सेवाएं प्रियंका शुक्ला, एमडी एनएचएम विजय दयाराम के एवं संचालक सीजीएमएससी पद्मिनी भोई उपस्थित थी।

### संभाग कमिश्नर ने किया मतदान केंद्रों का निरीक्षण

**रायपुर।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा मतदाता सूची पुनरीक्षण के तहत रायपुर संभाग कमिश्नर महादेव कावरे ने बुधवार को मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया। कमिश्नर ने रायपुर उत्तर विधानसभा, रायपुर पश्चिम विधानसभा, रायपुर ग्रामीण के मतदान केंद्रों का निरीक्षण करने पहुंचे। कमिश्नर ने निरीक्षण के दौरान बीएलओ एवं सुपरवाइजर से नाम जोड़ने, काटने, संशोधन करने, एक मतदान केंद्र से दूसरे मतदान केंद्र में शिफ्टिंग किए जाने के संबंध में जानकारी ली। साथ ही नाम जोड़ने एवं काटने के संबंध में पूर्ण जांच बाद पुष्टि होने पर ही नाम जोड़ने एवं काटने के निर्देश दिए। कमिश्नर ने कहा कि 18-20 वर्ष से अधिक उम्र के व्यक्तियों द्वारा नाम जोड़ने के संबंध में आवेदन पत्र प्राप्त होने के पर ही पूर्व में किस मतदान केंद्र में नाम जुड़ा था, उसकी काटने की पुष्टि दस्तावेज प्राप्त होने पर नियमानुसार कार्रवाई की जाएं। इसके साथ ही स्थानीय जन प्रतिनिधियों को चिंहाकित कर उनका नाम काटने, शिफ्टिंग इत्यादि के लिए आवेदन प्राप्त होने पर गंभीरता से जांच एवं पुष्टि उपरांत नाम काटने की कार्रवाई की जाएं।

# पड़ोसी किराएदार के साथ मिलकर भाभी से रेप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



■ घटना के बाद दोनों आरोपी फरार

■ घटना गुढ़ियारी थाना क्षेत्र की

गुढ़ियारी थाना में एक महिला ने अपने देवर तथा एक अन्य के खिलाफ गैंग रेप करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। महिला सुखराम नगर में रहती है। महिला से रेप का आरोपी देवर मध्यप्रदेश, बालाघाट से मेहमानी में आया हुआ था। एक अन्य युवक बिहार का है, जो यहां कमाने खाने के लिए आया हुआ है और महिला के घर के पास एक अन्य मकान किराए पर लेकर रह रहा था।

पुलिस के अनुसार महिला से रेप करने वाला देवर महिला के पति के बुआ का लड़का है। वह पिछले कुछ दिनों से मेहमानी में आकर रह रहा था। महिला के देवर की दोस्ती पड़ोस में किराए से रह रहे बिहारी युवक से हो गई। महिला ने पुलिस को बताया है कि उसे उसका देवर बहला फुसलाकर बिहारी लड़के के घर 29 अक्टूबर को ले गया। इसके बाद दोनों ने बारी-बारी से महिला के साथ रेप किया। लोक लाज के भय से महिला अपने साथ रेप की घटना की जानकारी पति को नहीं दे रही थी। इस दौरान महिला के साथ उसके देवर ने दोबारा छेड़खानी की, तो महिला ने अपने पति को घटना की जानकारी दी। घटना के बाद से दोनों आरोपी फरार हैं।

# मूणत के प्रस्ताव को मिली मंजूरी, रायपुरा में सड़कों के निर्माण-डामरीकरण में 3 करोड़ रुपए होंगे खर्च

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राजधानी रायपुर के रायपुरा क्षेत्र में मेंटनेंस के अभाव में जर्जर एवं खराब हो चुकी सड़कों का जल्द नवीनीकरण किया जाएगा।

इन सड़कों के निर्माण व नवीनीकरण के लिए क्षेत्र के विधायक व पूर्व मंत्री राजेश मूणत ने 3 करोड़ रुपए का प्रस्ताव बनाकर शासन को भेजा था। इस प्रस्ताव को अब मंजूरी मिल चुकी है। इसके बाद रायपुरा क्षेत्र में जल्द ही सड़कों के नवीनीकरण-डामरीकरण कार्य का शुभारंभ होगा। शासन द्वारा प्रस्ताव को मंजूरी देने पर पूर्व मंत्री ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय एवं लोक निर्माण मंत्री अरूण साव का आभार जताया है।

■ प्रस्ताव को मंजूरी मिलने पर पूर्व मंत्री मूणत ने मुख्यमंत्री और पीडब्लूडी मंत्री का जताया आभार



### स्थानीय जनता की मांग पर विधायक ने बनाया था प्रस्ताव

पूर्व मंत्री राजेश मूणत ने बताया कि करीब चार माह पूर्व वे अपने कार्यकर्ताओं के साथ रायपुरा क्षेत्र का दौरा किया था। इस दौरान लोगों ने जर्जर एवं खराब हो चुकी सड़कों पर आवागमन में होने वाली परेशानियों से अवगत कराया था, जिस पर उन्होंने लोगों को आश्वासन दिया था कि वे सड़कों को जल्द से जल्द सुधारने की दिशा में पहल करेंगे। पूर्व मंत्री ने बताया कि इसके बाद उन्होंने 299.91 लाख रुपए का प्रस्ताव बनाकर उसे स्वीकृति के लिए शासन को भेजा था, जिसे मंजूरी मिल गई है।

### इन सड़कों को किया जाएगा नया

विधायक के प्रस्ताव पर जिन सड़कों को नया रूप देने की मंजूरी मिली है, उनमें मिनी टॉकीज रोड कुम्हारपारा इंद्रप्रस्थ रोड से विप्र नगर जाने का मार्ग, सतनामी पारा में नया गुरुकुल स्कूल के पास गली में पंचमुखी हनुमान शांति इंक्लेव के पीछे, द्वारिका विहार, गणेश नगर, देवनागरी, शिव विहार कॉलोनी और विप्र नगर की गलियों में बंधवा तालाब से प्रगति विद्यालय के पास की सड़क तथा गलियां और डामरीकरण-कांक्रीटीकरण शामिल है।

### लाखों लोगों को आवागमन में मिलेगी सुविधा

उल्लेखनीय है कि रायपुरा क्षेत्र में सड़कों के नवीनीकरण होने से इस क्षेत्र में रहने वाले लाखों लोगों को आवागमन में सुविधा मिलेगी। विधायक मूणत ने यह भी बताया कि समता व चौबे कालोनी के अंदरूनी मार्गों में करीब 3 करोड़ रुपए से डामरीकरण कार्य शुरू कराया गया है। डीडी नगर के प्रमुख मार्गों का भी लगभग 3 करोड़ रुपए से डामरीकरण कार्य शुरू होंगे है। यही नहीं गोकुल नगर, लक्ष्मण नगर एवं गोपाल नगर में रुपए 291 लाख रुपए से सड़क का निर्माण जल्द होगा। इसके अलावा सरोना में भी 273 लाख रुपए से मुख्य मार्गों का डामरीकरण कार्य को भी जल्द मंजूर करवाएंगे। रायपुर में आयोजित समारोह में नगर निगम की नेता प्रतिपक्ष मीनल चौबे समेत बड़ी संख्या में भाजपा नेता-नेत्रियां और वार्ड के लोग मौजूद थे। इस दौरान सड़क-नालियों के निर्माण कार्यों का भूमिपूजन करते हुए राजेश मूणत ने दोहराया कि उनकी प्राथमिकता अपने विधानसभा क्षेत्र के वार्डों में लोगों के लिए खुशहाल वातावरण तथा सुविधाएं उपलब्ध करवाना है। यह सिलसिला लगातार चलेगा, ताकि रायपुर पश्चिम के वार्डों के निवासियों को बड़ा बदलाव महसूस करवाया जा सके। वरिष्ठ विधायक मूणत ने दोहराया कि इसी को ध्यान में रखकर उन्होंने समता-चौबे कालोनी के अंदरूनी मार्गों में करीब 3 करोड़ रुपए से डामरीकरण शुरू करवाया है। डीडी नगर के प्रमुख मार्गों का भी लगभग 3 करोड़ रुपए से डामरीकरण शुरू किया जा रहा है। यही नहीं, गोकुल नगर, लक्ष्मण नगर एवं गोपाल नगर में रुपए 291 लाख रुपए से सड़क निर्माण जल्द शुरू होने वाला है। पूर्व मंत्री मूणत ने जानकारी दी कि सरोना में भी 273 लाख रुपए से मुख्य मार्गों का डामरीकरण करने का प्रस्ताव जल्द मंजूर करवा लेंगे। उन्होंने कहा कि वे रायपुर पश्चिम के सर्वांगीण विकास हेतु कृत संकल्पित है। इस क्षेत्र में होने वाली सभी कार्य आम लोगों की जरूरतों पर ही आधारित रहेंगे।

# तीन माह पुराने फैसले अभी भी अधूरे

## संभागायुक्त ने अस्पताल प्रबंधन को दी नसीहत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

अगस्त में स्वशासी समिति की बैठक में हुए फैसले को अब तक आंबेडकर अस्पताल में मरीज हित में अमल में नहीं लाया जा सका है। विभिन्न निर्णय को पूर्ण होने में कार्यवाही अभी प्रक्रियाधीन है। संभागायुक्त महादेव कांवरे ने इसे शीघ्रता से पूरा करने के निर्देश दिए हैं।

■ आंबेडकर अस्पताल की स्वशासी समिति की कार्यकारिणी की बैठक

संभागायुक्त ने बुधवार को मेडिकल कालेज और आंबेडकर अस्पताल के स्वशासी समिति की प्रबंध कार्यकारिणी की बैठक ली। प्रतिवेदन में अस्पताल अधीक्षक डॉ. संतोष सोनकर ने बताया कि कि पेइंग वार्ड के लिए 26, केजुअल्टी विभाग के लिए 9 एसी और सीटीवीएस विभाग के लिए 5 एसी के क्रय की प्रक्रिया जेम पोर्टल के माध्यम से पूरी की जा रही है। साइनेज बोर्ड लगाये जाने एवं अन्य नवीनीकरण कार्य करवाये जाने से संबंधित प्रस्ताव कार्यालय आयुक्त चिकित्सा शिक्षा को प्रेषित किया गया है। रेडियोडायग्नोसिस विभाग के लिए एक प्रेशर इंजेक्टर मशीन खरीदने की कार्यवाही सीजीएमएससी द्वारा की जा रही है। डीन डॉ. विवेक चौधरी ने बताया कि फोरेंसिक मेडिसिन विभाग के अंतर्गत होने वाले पोस्टमार्टम कार्य हेतु नवीन वर्चुअल पोस्टमार्टम मशीन के क्रय किये जाने की अनुशंसा की गई थी जिसके अंतर्गत वर्तमान में मशीन का स्पेसिफिकेशन तैयार किया जा रहा है। सीटी स्कैन और एमआरआई जांच की वेटिंग कम करने डीके अस्पताल से चर्चा पिछले तीन महीने से चल रही है।




### ये रहे उपस्थित

बैठक में सर्जरी विभागाध्यक्ष डॉ. मंजू सिंह, अस्थिरोग विभागाध्यक्ष डॉ. रविकांत दास, माइक्रोबायोलॉजी विभागाध्यक्ष डॉ. निकिता शेरवानी, प्रशासनिक अधिकारी रंजना ध्रुव एवं उप संचालक वित्त ऋतु कौशिक उपस्थित रहे।

# फार्मेसी काउंसिल से डॉ. राकेश गुप्ता की सदस्यता रद्द होने पर विवाद, रजिस्ट्रार पर एकतरफा फैसले का आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

मेडिकल काउंसिल द्वारा छत्तीसगढ़ राज्य फार्मेसी काउंसिल के मनोनीत सदस्य डॉ. राकेश गुप्ता की सदस्यता रद्द किए जाने के आदेश पर विवाद हो गया है। मामले में डॉ. गुप्ता ने रजिस्ट्रार अश्विनी गुर्देकर पर नियम विरुद्ध और दुर्भावनावश एकतरफा फैसला लिए जाने का आरोप लगाया है। दूसरी ओर रजिस्ट्रार गुर्देकर का कहना है कि डॉ. गुप्ता पर नियमानुसार कार्रवाई की गई है। बिना सूचना लगातार बैठकों और कार्यक्रमों में अनुपस्थित रहते थे। फार्मेसी काउंसिल के रजिस्ट्रार द्वारा दो दिन पहले फार्मेसी अधिनियम 1948 की धारा 19 (सी) का हवाला देते हुए करीब दो साल पहले मनोनीत किए गए डॉ. राकेश गुप्ता की सदस्यता समाप्त करने का आदेश जारी कर दिया गया था। आदेश में हवाला दिया गया था कि डा. गुप्ता बिना सूचना के लगातार तीन बैठकों में अनुपस्थित रहे थे। नियम के अनुसार बिना सूचना लगातार तीन बैठक में नहीं आने पर उस सीट को खाली माना जाता है। रजिस्ट्रार अश्विनी गुर्देकर द्वारा जारी आदेश के बाद हंगामा मच गया है। डॉ. गुप्ता ने आरोप लगाया है कि उनका मनोनयन मेडिकल काउंसिल के माध्यम से किया गया है, तो सदस्यता रद्द करने का अधिकार भी मेडिकल काउंसिल के पास है। रजिस्ट्रार द्वारा कार्रवाई अवैधानिक तरीके से की गई है, जिसकी वजह उनकी गलत नीतियों और भ्रष्टाचार के खिलाफ शिकायत किया जाना था। डॉ. गुप्ता का कहना है कि रजिस्ट्रार गुर्देकर द्वारा बदले की भावना से सदस्यता रद्द करने की कार्रवाई की गई है। दूसरी ओर रजिस्ट्रार अश्विनी गुर्देकर ने कहा कि बिना सूचना अगर कोई सदस्य बैठकों में अनुपस्थित रहता है, तो उसकी सदस्यता समाप्त होना माना जाता है। डॉ. राकेश गुप्ता के खिलाफ कार्रवाई इसी नियम के आधार पर की गई है।

■ रजिस्ट्रार ने बिना अधिकार जारी किया आदेश, शिकायत पर बदले की कार्रवाई : गुप्ता

### गुप्ता ने कहा भ्रष्टाचार के विरोध में लड़ाई जारी

डा. राकेश गुप्ता ने अपना मनोनयन रद्द करने की सूचना संचालक स्वास्थ्य सेवाएं को प्रेषित की है। उन्होंने बताया है कि यह कार्रवाई बिना सदस्यों की सूचना अथवा बैठक लिए की गई है। मनोनीत या पदेन सदस्य की सदस्यता समाप्त करना पूरे सदन की अवमानना है। तीसरी बैठक के दौरान अश्विनी गुर्देकर रजिस्ट्रार नहीं थे और उसमें अनुपस्थित रहने की सूचना उनके द्वारा दी गई थी। मेरे द्वारा काउंसिल के अध्यक्ष और रजिस्ट्रार द्वारा की जा रही अनियमितता की शिकायत की गई थी। कार्यवाही में अड़ंगा लगाने उन पर कार्यवाही की गई है। उन्होंने रजिस्ट्रार के संबंध में हुई तमाम शिकायतों की जांच कर उन्हें हटाने की मांग भी की है।

## खबर संक्षेप

### गृहमंत्री से मांगा इस्तीफा

**रायपुर।** छग प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महामंत्री सुबोध हरितवाल ने कहा, रायपुर में रोजाना हो रही हत्या, लूट, साइबर ठगी, बलात्कार समेत अपराधों से अब राजधानी वासी तंग आ चुके हैं। राजधानी में रहना अब सुरक्षित नहीं रहा। आम आदमी किस पर भरोसा करे जब सरकार रोज़ हो रही हत्याओं के बावजूद मुंह में दही जमाए बैठी है। उन्होंने बताया कि रायपुर शांति और समरसता का शहर कहलाता है, परन्तु पिछले 11 महीनों में प्रशासन और पुलिस का प्रभाव शून्य हो गया है। लगातार हो रही घटनाएं ये बताती हैं कि गृह मंत्री विजय शर्मा लॉ एंड ऑर्डर स्थापित करने में पूर्णतः विफल हो चुके हैं। उन्हें तत्काल इस्तीफा दे देना चाहिए। उन्होंने कहा, पिछले महीनेभर में 18 से ज्यादा हत्या, लूट और साइबर ठगी की 10 से ज्यादा वारदातें हो चुकी हैं जो कि दुर्भाग्यजनक है।

### 'प्रकृति दर्शन कार्यक्रम' में हजारों विद्यार्थी हुए शामिल

**रायपुर।** नंदनवन जंगल सफारी नया रायपुर में 'प्रकृति दर्शन कार्यक्रम' संचालित किया जा रहा है। जिसके तहत राज्य के लगभग 7000 स्कूली और महाविद्यालयीन विद्यार्थियों ने भाग लिया। 'प्रकृति दर्शन कार्यक्रम' से विद्यार्थियों को प्रकृति और वन्यजीवों से जोड़ने का एक अभिनव प्रयास है। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य युवाओं को प्रकृति के प्रति संवेदनशील बनाना, पर्यावरणीय मुद्दों के प्रति जागरूकता बढ़ाना और उन्हें जिम्मेदार नागरिक बनाना है।

### म्यूजियम निर्माण जल्द पूरा करें

**रायपुर।** आदिम जाति विकास विभाग के प्रमुख सचिव सोनमणि बोरा ने नवा रायपुर स्थित आदिवासी अनुसंधान एवं प्रशिक्षण संस्थान परिसर में आदिम जनजातियों की जीवन शैलियों पर तैयार हो रहे म्यूजियम का निरीक्षण किया। उन्होंने विभागीय अधिकारियों और वेंडरों को गुणवत्ता के साथ निर्धारित समय-सीमा में कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए।

### जिला कांग्रेस ने आमासिवनी हत्याकांड के परिजनों से की मुलाकात



रायपुर। जिला कांग्रेस अध्यक्ष उधोराम वर्मा ने बुधवार को आमासिवनी दारू भट्टी हत्याकांड के परिजनों से मिलकर संवेदना प्रकट किया। साथ ही शासन-प्रशासन से निष्पक्ष जांच की मांग की है। आक्रोशित लोगों ने घटना के लिए पुलिस विभाग की घोर लापरवाही की बात कही। इसी दौरान जिला कांग्रेस अध्यक्ष श्री वर्मा ने बताया कि राजधानी में रोज हत्या हो रही है, लेकिन जिम्मेदार मौन है, जिस भट्ठी के कारण अपराध हुए है उसको बंद करने की मांग लगातार करते रहे है।

### जीएमसी रायगढ़ में पीजी के तीन नए कोर्स

रायपुर। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की पहल पर चिकित्सा शिक्षा विभाग ने स्व. लखीराम मेमोरियल शासकीय मेडिकल कॉलेज रायगढ़ में पीजी के तीन नए विषयों को चिकित्सा शिक्षा विभाग ने मंजूरी दी है। नए पाठ्यक्रमों को मंजूरी दिए जाने पर स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने कहा है कि सीटों में वृद्धि से राज्य में मेडिकल के छात्रों को लाभ मिलेगा। इससे न सिर्फ मेडिकल में उच्च शिक्षा की गुणवत्ता बढ़ेगी बल्कि राज्य को अतिरिक्त विशेषज्ञ चिकित्सक भी मिलेंगे। इसके लिए इर्शेसियेलिटी सर्टिफिकेट भी जारी कर दिया गया है।

# अपराध पर अंकुश लगाने पुलिस ने उरला, कबीर नगर, गंज थाना क्षेत्र के तीन बदमाशों को किया तड़ीपार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

बदमाशों पर अंकुश लगाने पुलिस चाकूबाजों के खिलाफ कार्रवाई करने के साथ आदतन बदमाशों को जिलाबदर करने की कार्रवाई कर रही है। एसएसपी की अनुशंसा पर जिला दंडाधिकारी ने तीन बदमाशों के खिलाफ बुधवार को जिला बदर की कार्रवाई की है। जिले में पिछले डेढ़ महीने के भीतर हत्या की घटना में ऐतिहासिक रूप से वृद्धि दर्ज की गई है। अक्टूबर से नवंबर के बीच एक दर्जन हत्या की घटनाएं हुई हैं। हत्या की ज्यादातर घटनाएं तात्कालिक विवाद के कारण हुई हैं। गौरतलब है कि पुलिस ने पिछले एक साल के भीतर एक दर्जन से ज्यादा बदमाशों के खिलाफ जिलाबदर की कार्रवाई की है। एसएसपी डॉ. संतोष सिंह के मुताबिक शहर में कानून व्यवस्था बनाए रखने बदमाशों के खिलाफ लगातार अभियान चलाकर कार्रवाई की जा रही है। लगातार समझाइश के बाद भी जो बदमाश अपराधिक गतिविधियों में संलिप्त हैं, उनके खिलाफ जिलाबदर की कार्रवाई की जा रही है।

***तत्काल शहर छोड़ने के आदेश :*** एसएसपी की अनुशंसा पर जिला दंडाधिकारी ने जिन तीन बदमाशों को जिला बदर किया है, उनमें उरला, कबीर नगर तथा गंज थाना क्षेत्र के बदमाश शामिल हैं। जिन बदमाशों को जिलाबदर किया गया है, वो बदमाश रायपुर के साथ सरहदी जिला बलौदाबाजार, महासमुंद, दुर्ग तथा गरियाबंद जिला में नहीं रह सकेंगे। तड़ीपार बदमाशों को तत्काल शहर छोड़ने जिला दंडाधिकारी ने आदेश दिया है। बदमाशों को जिला दंडाधिकारी ने तीन माह के लिए जिलाबदर किया है।

## तड़ीपार की रेस में आधा दर्जन से ज्यादा बदमाश शामिल

### हत्या पर लगाम नहीं लगा पा रही पुलिस

जिले में पिछले डेढ़ महीने में डेढ़ दर्जन के करीब चाकूबाजी की घटनाएं हुई हैं, लेकिन इन डेढ़ महीनों में एक दर्जन लोगों की हत्या की गई है। इनमें टिकरापारा थाना क्षेत्र में महिला की हत्या की गुत्थी पुलिस अब तक सुलझा नहीं पाई है। अक्टूबर में आठ हत्या की वारदात हुई है। उनमें सात हत्या दीपावली के समय हुई है। नवंबर में पिछले 20 दिनों में दो महिलाओं सहित चार लोगों की हत्या हुई है।



इन बदमाशों को किया तड़ीपार

- उरला - पठारीडीह अटल आवास निवासी चंदन भारती - चंदन के खिलाफ वर्ष 2014 से लगातार मारपीट, चाकू बाजी, गुंडागर्दी, अवैध शराब बिक्री के कुल 18 प्रकरण दर्ज हैं।
- कबीर नगर - बाल्मिकी नगर निवासी आशु छत्री - आशु के खिलाफ वर्ष 2015 से लगातार हत्या के प्रयास, मारपीट, चाकूबाजी, गुंडागर्दी, जान से मारने की धमकी देने, चोरी, आर्म्स एक्ट आदि के कुल 20 प्रकरण दर्ज हैं।
- गंज - मौदहापारा निवासी मोहम्मद शहजाद - शहजाद के खिलाफ गंज तथा मौदहापारा थाने में वर्ष 2015 से लगातार मारपीट, चाकूबाजी, गुंडागर्दी, चोरी तथा अन्य तरह के अपराध के कुल 14 प्रकरण दर्ज हैं।

## मुख्य नगर पालिका अधिकारी को मांगों का सौंपा ज्ञापन

# नगरीय निकाय प्लेसमेंट कर्मचारी महासंघ की हड़ताल को नपा के कर्मियों ने दिया समर्थन




हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

छत्तीसगढ़ नगरीय निकाय प्लेसमेंट कर्मचारी महासंघ द्वारा मांगों के समर्थन में नगर पालिका के प्लेसमेंट कर्मियों द्वारा जिले के अन्य नगरीय निकायों में हड़ताल प्रारंभ किया गया है। जिसके तहत नगर पालिका बलौदाबाजार के प्लेसमेंट कर्मचारियों द्वारा मुख्य नगर पालिका अधिकारी खिरोद्र भोई को 22 नवंबर से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर रहने सामूहिक अवकाश का ज्ञापन सौंपा गया।

प्लेसमेंट कर्मचारी महासंघ के जिला अध्यक्ष गुरूदत्त तिवारी के नेतृत्व में दिए गए ज्ञापन में महासंघ की एक सूत्रीय मांग को प्रमुखता से दर्शित किया गया है। जिसमें शासन के अन्य विभागों जल संसाधन विभाग, पी.डब्लू.डी., पी.एच.ई. एवं वन विभाग को प्रदाय किये जाने वाली वेतन वितरण की पद्धति पर नगरीय निकाय के कर्मचरियों को भी निकाय से सीधे भुगतान की मांग रखी गयी है व ठेका प्रथा समाप्त किया जाए। हड़ताल में नगर पालिका के सफाई विभाग, जल विभाग, विद्युत विभाग व वाहन चालकों सहित कार्यालय में कार्यरत प्लेसमेंट कर्मचारी अनिश्चितकालीन हड़ताल पर रहेंगे। इसके लिए धरना प्रदर्शन स्थल दशहरा मैदान होगा। मुख्य नगर पालिका अधिकारी को ज्ञापन देने के साथ ही जिला कलेक्टर, नगर पालिका अध्यक्ष चित्तावर जायसवाल व थाना प्रभारी सिटी कोतवाली बलौदाबाजार को ज्ञापन की प्रति उपलब्ध करायी गयी है।

### ये रहे उपस्थित

ज्ञापन सौंपने के दौरान प्लेसमेंट कर्मचारी संघ नगरीय निकाय के कर्मचारी संजय कुमार साहू, धनेश पटेल, अजीत कुमार रजक, सालिकराम वर्मा, विशाल पाड़े, हितेश वर्मा, मनमोहन सिंह टण्डन, विरेन्द्र सागर, संतोष भारती, शत्रुहन गजेन्द्र, शेखर नायक, सावन कुमार, राजू ग्रहण, रूपवंती डोंगरे, लक्ष्मी सारथी, रश्मि साहनी, नीतू शेन्द्रे, प्रतिभा ग्रहण, चन्द्रकला पात्रे, गोपी नायक, सरिता मरैया, बरखा नायक, ज्योति नायक, माधवी कुमार, द्रौपती कुमार, साहिल डोंगरे, विजय सागर, पुनऊ रात्रे, त्रिनेक नायक, विक्रम भारती शिवा बघेल, विशाल पाड़े नरेन्द्र यादव, अमरसिंह सारथी, शैलेन्द्र साहू, गोविन्द ध्रुव, लोकेश यदु, दुर्गेश पाल, नरसिंह यादव, राजाराम निषाद, ईश्वर महिलांगे, अजय तिवारी सहित अन्य प्लेसमेंट कर्मचारी उपस्थित थे।

# क्षेत्रीय मुद्दों को लेकर शिव सैनिकों ने दिया धरना एसडीएम को सौंपा ज्ञापन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिमगा

ब्लाक की विभिन्न जनसमस्याओं को लेकर शिवसेना ब्लाक ईकाई ने नगर के जयस्तंभ चौक में धरना प्रदर्शन कर एसडीएम को ज्ञापन सौंपा। धरना-प्रदर्शन को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष ईश्वर प्रसाद ने कहा कि क्षेत्र में लगातार उद्योग स्थापित रहे हैं, लेकिन उनका मूलभूत विकास में कोई योगदान नहीं है। श्रमिकों को कलेक्टर दर पर मेहनताना नहीं दिया जा रहा है। शत प्रतिशत रोजगार स्थानीयों को उपलब्ध कराया जाए। शहर में पिछले चार साल से वाटर फिल्टर स्थापित है, इसके बावजूद नगरवासी साफ पानी से वंचित हैं। क्षेत्र में अवैध कारोबारियों पर नकेल कसा जाए, तिगुना चौगुना बिजली दर बढ़ा रहे हैं, जिसे कम किया जाए। गौशाला के संचालन के लिए जमीन उपलब्ध कराने सहित विभिन्न मांगों को लेकर धरना के बाद बाइक रैली निकालकर एसडीएम कार्यालय पहुंचे, जहां ज्ञापन सौंपा गया।

धरने में प्रदेश प्रचार सचिव संतोष कौशल, जिलाध्यक्ष ईश्वर प्रसाद निषाद, ग्रामीण कृष्ण कुमार यादव, प्रवक्ता शिवा निषाद, कार्यकारिणी सदस्य दिलीप चतुरे, कामगार सेना जिलाध्यक्ष योगेश्वर वैष्णव, भाटापारा विधानसभा महासचिव रामविलास साहू, सचिव आत्माराम नेताम, किसान सेना जिला उपाध्यक्ष राजु मानिकपुरी, शहर अध्यक्ष वैभव चौबे, उपाध्यक्ष तुलसीराम गायकवाड़, भाटापारा ब्लाक अध्यक्ष टिकाराम पाल सहित बड़ी संख्या में शिव सैनिक उपस्थित थे।

# श्रमिक महंगाई भत्ते में वृद्धि का संशोधित आदेश जारी, एक अक्टूबर से प्रभावशील

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार


श्रम विभाग छत्तीसगढ़ शासन द्वारा विभिन्न अनुसूचित नियोजनों में कार्यरत श्रमिक तथा विभिन्न शासकीय विभागों में कार्यरत दैनिक वेतन भोगी श्रमिकों और कर्मचारियों के लिए 01 अक्टूबर 2024 से 31 मार्च 2025 तक परिवर्तनशील महंगाई भत्ता निर्धारित की गई है। जिला श्रम अधिकारी सूरज कुमार ने बताया कि जिले में आकस्मिक निधि से वेतन पाने वाले विभिन्न श्रेणी के श्रमिकों एवं कर्मचारियों हेतु दैनिक एवं मासिक वेतन दरें निर्धारित किया गया है। जिसमें अधिसूचित न्यूनतम वेतन में परिवर्तनशील महंगाई भत्ता भी सम्मिलित है,इसलिए वेतनभोगी श्रमिकों एवं कर्मचारियों को अतिरिक्त रूप से परिवर्तनशील महंगाई भत्ते की पात्रता नहीं है। यदि विद्यमान वेतन की दरें न्यूनतम वेतन की पुनरीक्षित दरों से अधिक है तो वह किसी भी दशा में कम नहीं की जावेगी, किन्तु उनका समायोजन भविष्य में होने वाले वृद्धि से किया जायेगा। यह दरें आदेश में अंकित अवधि के लिए प्रभावशील मानी जावेगी तथा नई दरें लागू होने तक इन्हीं दरों पर भुगतान किया जायेगा। ये दरें लोक निर्माण विभाग, सिंचाई विभाग एवं लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के लिए लागू नहीं है।

- ये दरें लोक निर्माण विभाग, सिंचाई विभाग एवं लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के लिए लागू नहीं है

निर्धारित न्यूनतम वेतन दरें लोक निर्माण, सिंचाई एवं लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग को लागू होगी। जो मासिक वेतन निर्धारित किया गया है, वह कलेण्डर माह की समाप्ति पर देय होगी। मासिक मजदूरी पर नियुक्त कर्मचारी को सप्ताह में एक दिन वेतन सहित अवकाश की पात्रता होगी। जिन पदों के लिए मजदूरी अलग से स्वी—त नहीं की गई है उसे दैनिक मजदूरी का भुगतान निर्धारित दर में 26 (छब्बीस) से भाग देकर गणना की जायेगी। यदि किसी संदर्भ में एक दिन का पारिश्रमिक निकाला जाना हो तो मासिक दर में 30 का भाग देकर निकाला जायेगा। जिसमें अकुशल 'अ' श्रमिक वर्ग के लिए प्रतिमाह 10,948 रूपये, 'ब' वर्ग के लिए 10,688 रूपये तथा 'स' वर्ग के लिए 10,420 रूपये निर्धारित की गई है। अर्द्धकुशल 'अ' वर्ग के लिए 11,598 रूपये, 'ब' वर्ग के लिए 11,338 रूपये तथा 'स' वर्ग के लिए 11,078 रूपये निर्धारित की गई है। कुशल 'अ' वर्ग के लिए 12,378 रूपये, 'ब' के लिए 12,118 रूपये तथा 'स' के लिए 11,858 रूपये निर्धारित की गई है। इसी प्रकार उच्च कुशल 'अ' वर्ग के लिए 13,158 रूपये, 'ब' के लिए 12,898 रूपये तथा 'स' वर्ग के लिए 12,638 रूपये किया गया है। उक्त प्रभावशील न्यूनतम वेतन की दरें छत्तीसगढ़ शासन, श्रम विभाग की वेबसाईट डब्ल्यू डब्ल्यू डब्ल्यू डॉट सीजीलेबर डॉट एनआईसी डॉट इन ण्बहसंइवनतण्दपबण्पद पर भी उपलब्ध है। जिला बलौदाबाजार भाटापारा 'स' वर्ग अंतर्गत तथा ऐसे कारखाने जहां कारखाना अधिनियम 1948 अंतर्गत 300 या अधिक श्रमिक कार्यरत है ।

# रोहरा, तरेंगा व कोदवा गांव में बनेगा नया विद्युत उपकेंद्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भाटापारा




उपाध्यक्ष भाजपा छत्तीसगढ़ शिवरतन शर्मा की सक्रियता से 70 करोड़ के तीन नवीन विद्युत उपकेंद्रों की स्वीकृति राज्य सरकार ने दी है। भाटापारा विधानसभा के ग्राम रोहरा में अति उच्चदाव विधुत उपकेंद्र (132/33 केवी) लागत लगभग 65 करोड़ और मुख्यमंत्री ऊर्जा अधोसंरचना योजना अंतर्गत ग्राम तरेंगा एवं कोदवा में 33/11 केवी लागत लगभग 5 करोड़ के नवीन विद्युत उपकेंद्र प्रारंभ किए जाएंगे। लंबी दूरी की लाइन होने के कारण अक्सर तार टूटकर गिरते रहते हैं। लाइन ब्रेक डाउन में रहती है। अब इन उपकेन्द्र के बन जाने से आसपास के समीपस्थ गांवों की आपूर्ति में सुधार होगा और उन्हें निर्बाध बिजली मिल सकेगी। शिवरतन शर्मा ने बताया कि इस कार्य के लिए उन्होंने लगातार प्रयास किया। रोहरा में उप केंद्र बन जाने से क्षेत्र में व्याप्त ओवर लोडिंग एवं लो वोल्टेज की समस्या से राहत मिलेगी। साथ ही भाटापारा शहर के विद्युत सप्लाई के अतिरिक्त भाटापारा-सिमगा शहर के समीपस्थ 60 से 70 गांवों को लाभ मिलेगा। रबी एवं खरीफ के मौसम में किसानों को उच्च गुणवत्तायुक्त बिजली की सप्लाई हो पाएगी। ग्राम तरेंगा एवं कोदवा में 33/11 केवी उप विद्युत उपकेंद्र खुल जाने से 20-25 गांवो की बिजली व्यवस्था में सुधार होगा और निर्बाध बिजली प्राप्त होगी।

- उपाध्यक्ष भाजपा छत्तीसगढ़ शिवरतन की सक्रियता से 70 करोड़ के नवीन विद्युत उपकेंद्रों की मिली स्वीकृति

### कर्मचारी भविष्य निधि के क्षेत्रीय कार्यालय को प्रथम पुरस्कार

**रायपुर।** कर्मचारी भविष्य निधि संगठन के क्षेत्रीय कार्यालय रायपुर को कर्मचारी भविष्य निधि संगठन के 120 कार्यालयों के मध्य वृहद कार्यालयों की श्रेणी में श्रम एंव रोजगार मंत्रालय द्वारा, मुख्यालय नई दिल्ली में 15 नवंबर को आयोजित स्थापना दिवस के कार्यक्रम में प्रथम पुरस्कार प्रदान किया गया। इस पुरस्कार को क्षेत्रीय भविष्य निधि आयुक्त-1 अभिषेक कुमार एंव क्षेत्रीय भविष्य निधि आयुक्त-2 सुदर्शन एस भालाधरे ने केन्द्रीय श्रम मंत्री मनसुख मंडाविया के कर-कमलों से प्राप्त किया। इसी कड़ी में क्षेत्रीय कार्यालय रायपुर में बुधवार को सम्मान समारोह आयोजित किया गया, जिसमें कार्यालयीन अधिकारियों-कर्मचारियों को इस संबंध में सम्मान पत्र प्रदान किया गया।



## पेज 11 के शेष

### टोकन नहीं मिलने...

ढनढनी चिरपोटा खम्हारडीह के कषक धान बेचने आते है। पिछले वर्ष इन गांवो से 1042 पंजीकृत किसानों ने धान बेचा था। वही इस वर्ष 97 पंजीकृत किसानों की संख्या बढ़ गई है जिसके चलते 1139 पंजीकृत किसान धान बेचेंगे। आगे बताया कि धान खरीदी के लिए व्यापक तैयारी कर ली गई है। 37500 नया बरदाना धान खरीदी केंद्र में पहुंच गए हैं वही पीडीएस के 3750 बरदाना भी हैं।

### कलेक्टर ने दो...

योजना के विषय में जानकारी देते हुए उप संचालक समाज कल्याण अरविंद गेड़ाम ने बताया कि विभाग द्वारा निःशक्त दम्पत्तियों को विवाह उपरान्त छः माह के भीतर आवेदन करना अनिवार्य है। निःशक्त दम्पत्ति में से एक निःशक्त होने पर 50 हजार एवं दोनो निःशक्त होने पर एक लाख रूपये की सहायता राशि देने का प्रावधान है।

### प्राधिकृत अधिकारी ...

विजय केसरवानी, रामदुलार साहू, शिवनरेश मिश्रा, फागुराम साहू, अनिल ठाकुर, विनोद पटेल, चन्द्रविकास पटेल, शत्रुहन पटेल, शिवदयाल पटेल, ओमप्रकाश पटेल और गौकरण निषाद सहित सहकारी समिति प्रबंधन से जुड़े लीड प्रभारी संजीव वर्मा, विष्णु कुमार सोनी, सूरज कुमार पैकरा, मोहित कुमार यादव, रामअवतार पैकरा और राममोहन यादव उपस्थित थे।

Health Town

राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक चिकित्सा केन्द्र
(22 वर्षों से क्षेत्र में अनुभवी चिकित्सक)
क्षार-सूत्र चिकित्सा केन्द्र, रायपुर मो. 9039050422, 91794 55561
पाइल्स, फिशर, फिस्टूला विशेषज्ञ
डॉ. के.बी. श्रीनिवास राव
INTL Ayurvedic Consultant
राज्य अलंकरण अवार्ड से सम्मानित
अशोक विहार, स्ट्रीट नंबर 5, सरस्वती दाल मिल के सामने, मंडी गेट के सामने, पंडरी रायपुर। मनसा चैम्बर्स, कल्याण हॉस्पिटल के पीछे, बिलासपुर रोड, फाफाडीह रायपुर।

HCC Hearing Care Center IS NOW हिअरज़ॅप™
आज ही मुफ्त श्रवण परीक्षण कराएं।
श्रवण यंत्र पर भारी छूट ▸ कोक्लियर इम्प्लांट (परामर्श) ▸ स्पीच थेरेपी
हमारी स्टोर छत्तीसगढ़ में: अंबिकापुर • भिलाई • बिलासपुर • रायपुर • जगदलपुर • कोरबा
47 Years of Trust | 130+ Experience Centres Pan India
PHILIPS | REXTON HEARING AIDS AVAILABLE
9659 455 455
MAHARASHTRA | TAMILNADU | KERALA | KARNATAKA | ANDHRA PRADESH TELANGANA | WEST BENGAL | BIHAR | JHARKHAND | CHHATTISGARH

Trust the Expert
DR. MANOJ AGARWALA'S SKIN & HAIR CLINIC
डॉ. मनोज अग्रवाला
एमडी (सीएमसी वेल्लोर)
(गोल्ड मेडलिस्ट)
स्किन क्लिनिक
सेवाएं: मुहांसे ❖ सोरायसिस ❖ स्किन एलर्जी ❖ पिगमेंटेशन विटिलिगो/ ल्यूकोडरमा ❖ पीआरपी थेरेपी ❖ एलोपेसिया अर्टीकेरिया ❖ फंगल इनफेक्शन ❖ टेली कंसलटेशन ❖ लेजर थेरेपी
चौबे कॉलोनी, रायपुर (छ.ग.) 0771-4003777, 77778-76292

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप



### अगहन माह के प्रथम गुरुवार ...

**बलौदाबाजार।** इस वर्ष अगहन माह के प्रथम गुरुवार को नगर के अनेक घरों में श्रद्धापूर्वक महिलाओं द्वारा विधि–विधानपूर्वक पूजा अर्चना की गई। महिलाओं ने द्वीप प्रज्वलित कर मां लक्ष्मी की आराधना की।

### नकुल राम प्राधिकृत अधिकारी नियुक्त

**खरोरा।** प्रदेश सरकार द्वारा नकुल राम वर्मा को प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति छड़िया पं. क्र. 641 शाखा खरोरा का प्राधिकृत अधिकारी नियुक्त किया गया है। उनकी नियुक्ति पर समर्थको द्वारा हर्ष व्यक्त किया गया।



### चाकू लहराकर लोगों को डराने वाला गिरफ्तार

भाटापारा। ऑपरेशन विश्वास में शहर पुलिस द्वारा असामाजिक तत्वों, जुआ, सट्टा, अवैध रूप से शराब बिक्री जैसे असंवैधानिक कार्यों में लिप्त आरोपियों के विरुद्ध लगातार कार्रवाई की जा रही है। रेलवे स्टेशन के सामने आम लोगों को भयभीत करने के उद्देश्य से धारधार चाकू लेकर घूमने व लहराने वाले आरोपी के विरुद्ध आर्म्स एक्ट के तहत कार्रवाई कर गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस के अनुसार 21 नवंबर को सूचना मिली कि रेलवे स्टेशन के सामने रोड में एक व्यक्ति द्वारा धारदार चाकू लेकर लोगों को डराया जा रहा है। सूचना पर भाटापारा शहर पुलिस द्वारा तत्काल घटनास्थल पर पहुंचकर द्वारिका प्रसाद उर्फ गोलू जैन उम्र 25 साल निवासी महावीर वार्ड भाटापारा थाना को चाकू के साथ पकड़ा गया। आरोपी के विरुद्ध शहर थाना में धारा 25,27 आर्म्स एक्ट का अपराध पंजीबद्ध कर एवं विधिवत कार्रवाई करते हुए आरोपी को न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करने की प्रक्रिया की जा रही है।

### लालवानी गली में देवी भागवत महापुराण 24 से

**महासमुंद।** स्थानीय लालवानी गली दुर्गा मंदिर में 24 नवंबर से 2 दिसंबर तक दोपहर 2 बजे से शाम 5 बजे तक श्रीमद् देवी भागवत महापुराण कथा का आयोजन शकुन निषाद द्वारा किया गया है। जानकारी देते हुए भुवन निषाद ने बताया कि व्यासपीठ से नगर पुरोहित पं. पंकज तिवारी द्वारा देवी भागवत कथा का बखान किया जाएगा। प्रथम दिवस 24 नवंबर को गणेश, पंचांग पूजन, कथा प्रारंभ, 25 को देवी प्राकट्य, सत्यव्रत महिमा, 26 को नर-नारायण कथा, भगवती महिमा, 27 को कौशिकी रूप, शुंभ, निशुंभ, रक्तबीज उद्धार, 28 को देवी महिमा, राजा हरिश्चंद्र की कथा, 29 को गंगा उत्पत्ति, तुलसी विवाह, 30 को सावित्री कथा, 1 को महिषासुर, देवी आराधना महत्व, 2 को देवी प्रसन्नता का महत्व एवं शोभायात्रा होगा।

# नगर पंचायत लवन में विकास कार्यों के लिए 64 लाख रुपए की मिली स्वीकृति

## मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में नगरीय निकायों के विकास कार्यों में आई तेजी

हरिभूमि न्यूज ⏭ लवन

नगर पंचायत लवन के विभिन्न विकास कार्यों के लिए कुल 63 लाख 93 हजार के कार्य स्वीकृति मिली हैं। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में नगरीय निकायों के विकास कायोंर् में तेजी लाई जा रही है। इसी तारतम्य में वार्ड क्र.1 में पेयजल हेतु पाईप लाईन विस्तार कार्य मैकूलाल साहू घर से सुनाराम साहू से सनत साहू घर तक, डॉ. शत्रुधन साहू के घर से रोहित साहू घर तक 10 लाख 32 हजार रूपये, वार्ड क्र.3 में मरदा मोड़ सना अंसारी से विनोद अनंत के घर तक पेयजल हेतु पाईप लाईन विस्तार कार्य के लिए 7 लाख 73 हजार रूपये, वार्ड क्र. 4 में मेनरोड कृष्णा स्वीट्स से श्यामा सोलर एनर्जी तक पेयजल हेतु पाईप लाईन विस्तार कार्य के लिए 2 लाख 73 हजार रूपये,वार्ड क 4 में तहसील चौक से पानी टंकी तक पेयजल हेतु पाईप लाईन विस्तार कार्य 9 लाख 44 हजार रूपये,वार्ड क्र 7 संतु यादव के घर से ढेलू साहू के घर तक पेयजल हेतु पाईप लाईन विस्तार कार्य के लिए 3 लाख 44 हजार रूपये, पंडरिया इंटेक वेल के पास पेयजल हेतु पाईप लाईन विस्तार एवं बोरवेल का कार्य 3 लाख 66 हजार रूपये,वार्ड क्र 14 धीवर समाज से छवि ध्रुव के घर तक पेयजल हेतु पाईप लाईन विस्तार कार्य के लिए तीन लाख 4 हजार रूपये का कार्य शामिल है।




### पेयजल के लिए पाइप लाइन विस्तार किया जा रहा है

वार्ड क्रमांक 10 में राम मंदिर चौक से तुलाराम आर्यसकूल तक पेयजल हेतु पाईप लाईन विस्तार कार्य 6 लाख 74 हजार रूपये, वार्ड क्रमांक 2 में संदीप साहू के हॉलर मील से एम.एल. साहू के घर तक पेयजल हेतु पाईप लाईन विस्तार कार्य 10 लाख 47 हजार रूपये,डोंगरीडीह पंपहाउस से पानी टंकी तक पाईप लाईन विस्तार एवं बोरवेल का कार्य 2 लाख 32 हजार रूपये,वार्ड क्र 04 में नगर पंचायत कार्यालय के पास से पानी टंकी तक पेयजल हेतु पाईप लाईन विस्तार एवं बोरवेल का कार्य 4 लाख 4 हजार रूपये का कार्य शामिल है।

## जायजा : कमिश्नर ने किया धान खरीदी केन्द्रों का आकस्मिक निरीक्षण

# किसानों से सूखत के नाम पर अधिक धान की तौलाई ना करें, ना ही तय सीमा से अधिक नमी वाले की खरीदी करें

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलौदाबाजार

किसानों से सूखत के नाम से अधिक धान की तौलाई ना करें। ना ही तय सीमा से अधिक नमी वाले धान की खरीदी की जाएं। धान खरीदी में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। स्टॉक पंजी, बारदाना रजिस्टर,टोकन रजिस्टर आदि का नियमित संधारण करें।

उक्त बातें रायपुर संभागायुक्त महादेव कावरे ने प्रदेशव्यापी धान खरीदी के तहत गुरुवार को जिले के सिमगा स्थित धान उपार्जन केंद्र में निरीक्षण के दौरान कहीं। उन्होंने धान खरीदी केन्द्रों में धान बेचने पहुंचे किसानों से मुलाकात कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। श्री कावरे ने निरीक्षण के दौरान स्टॉक पंजी, बारदाना रजिस्टर,टोकन रजिस्टर की बारिकी से जांच की। इसके साथ ही ढेरी में लगाए हुए धान को पॉस मशीन के जरिये आर्द्रता को मापा गया। जांच के दौरान धान की गुणवत्ता सही पाई गई। इस दौरान कलेक्टर ने सभी अधिकारियों एवं प्रबंधको को दू टूक कहा कि किसी भी स्थिति में किसानों से सूखत के नाम से अधिक धान की तौलाई ना करे ना ही तय सीमा से अधिक नमी वाले धान की खरीदी की जाएं। इस तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इस दौरान कमिश्नर ने कहा कि धान उपार्जन केंद्र में छाया व बैठक व्यवस्था अनिवार्य रूप से बनाए रखें। एक दिन में जितने किसानों से धान की खरीदी हो सके, उतने ही किसानों को धान खरीदी केंद्र में बुलाया जाए।

### किसानों से मिलकर व्यवस्थाओं के संबंध में ली जानकारी



### जिले में अब तक 30 हजार 875 मीट्रिक टन खरीदा गया

खाद्य विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार अब तक जिले में 7 हजार 521 किसानों से 30 हजार 875 मीट्रिक टन धान की खरीदी की जा चुकी है। जिसके तहत 18 हजार 369 मीट्रिक टन मोटा, 405 मीट्रिक टन पतला, 12 हजार 131 मीट्रिक टन सरना शामिल है। जिसके एवज में लगभग 6 हजार 730 किसानों को 54 करोड़ 68 लाख 89 हजार रुपए का भुगतान आनलाइन माध्यम से आज दिनांक तक किया जा चुका है। गौरतलब है कि जिले में 1 लाख 67 हजार 787 किसान पंजीकृत हैं। जिसके तहत इस वर्ष 9 लाख 62 हजार 910 मीट्रिक टन खरीदी अनुमानित है।

### किसान के टोकन का किया अवलोकन

रायपुर संभागायुक्त श्री कावरे ने उपस्थित किसानों,फड़ प्रभारी, मजदूरों अन्य ग्रामवासीयों से बातचीत की। बातचीत के इस दौरान उन्होंने ग्राम खंडुवा निवासी कृषक तीरथराम साहू को टोकन तूहर हाथ मोबाइल ऐप के माध्यम से प्राप्त टोकन का भी अवलोकन किया। साथ ही साहू ने संभागायुक्त श्री कावरे को बताया कि मुझे धान बेचने में किसी भी तरह की परेशानी नहीं हुई।

### ये भी रहे उपस्थित

उक्त निरीक्षण के दौरान एसडीएम सिमगा अंशुल वर्मा,तहसीलदार अनिरुद्ध मिश्रा, खाद्य अधिकारी,नोडल अधिकारी श्री साहू, डीएमओ एवं डीआरसीएस सहित संबंधित अन्य अधिकारी कर्मचारी गण उपस्थित थे।

## ग्राम चंगोरी में पेयजल पाइप लाइन का विस्तारीकरण शुरू



हरिभूमि न्यूज ⏭ हिरमी–रावन

अल्ट्राटेक हिरमी सीमेंट संयंत्र के ग्रामीण विकास विभाग द्वारा सामाजिक उत्तरदायित्व सीएसआर के अंतर्गत तिल्दा विकासखंड के ग्राम पंचायत पहरी के ग्राम चंगोरी में एक महत्वपूर्ण पहल की गई। इसमें पानी की आपूर्ति में सुधार के लिए पाइपलाइन विस्तारीकरण कार्य का शुभारंभ भूमिपूजन के साथ किया गया। विदित हो कि ग्राम चंगोरी में लंबे समय से ग्रामीणों को पानी की समस्या का सामना करना पड़ रहा था। पीने के लिए स्वच्छ जल और दैनिक आवश्यकताओं के लिए पानी की अनुपलब्धता के कारण पंचायत द्वारा इसकी मांग की जा रही थी। ग्रामीणों को इस समस्या से राहत दिलाने के लिए अल्ट्राटेक हिरमी के ग्रामीण विकास विभाग ने पाइपलाइन विस्तारीकरण का निर्णय लिया। इस योजना के तहत गांव में मौजूद जल आपूर्ति प्रणाली को विस्तारित किया जाएगा। पाइपलाइन का विस्तार करके 30 से 35 घरों तक पानी की पहुंच सुनिश्चित की जाएगी। इससे ग्रामीणों को पीने के स्वच्छ पानी की सुविधा उपलब्ध होगी और निस्तार के लिए भी पर्याप्त पानी मिलेगा।यह कार्य ग्रामीणों के जीवन स्तर में सुधार और उनकी बुनियादी जरूरतों को पूरा करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। कार्यक्रम की शुरुआत भूमि पूजन से हुई, जिसमें गांव के प्रमुख व्यक्तियों और ग्रामीण विकास विभाग के प्रतिनिधियों की उपस्थिति रही। ग्राम पंचायत से जनपद सदस्य तारण दास डहरिया और पंच नंदकुमार ने कार्यक्रम में भाग लिया। ग्रामीण विकास विभाग से आशुतोष खरे और प्रीतम पटेल मौजूद थे तथा बड़ी संख्या में ग्रामीण भी उपस्थित थे।

## इस वर्ष धान खरीदी में बरती जा रही भारी अनियमितता

**सिमगा।** विधायक प्रतिनिधि एवं कृषक शैली भाटिया ने आरोप लगाया है कि इस वर्ष धान खरीदी में काफी अनियमितताएं देखने को मिल रही हैं। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने 14 नवंबर से 31 जनवरी तक धान खरीदी का निर्णय लिया है। इसका मतलब है कि सरकार धान खरीदी 14 दिन कम करेगी, जबकि पंजीकृत किसानों की संख्या में इस वर्ष काफी वृद्धि हुई है। वहीं, केंद्र सरकार द्वारा 117 रुपए की समर्थन मूल्य में बढ़ोतरी की गई है, जिसका कोई लाभ किसानों को नहीं मिल रहा है। कांग्रेस की सरकार समर्थन मूल्य की वृद्धि को अलग से बढ़ा कर देती आई है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार द्वारा एक मुश्त 3100 रूपए प्रति क्विंटल देने की बात कही थी, जिसे उन्होंने मोदी की गारंटी बताया था, जबकि किसानों को 2300 के भाव से धान की कीमत मिल रही है। इससे किसान अपने आप को ठगा महसूस कर रहे हैं।



### टोकन व्यवस्था चरमराई

शैली भाटिया ने आरोप लगाया कि धान खरीदी केंद्रों में टोकन की व्यवस्था चरमरा सी गई है। ऑनलाइन टोकन कट नहीं रहा है। वहीं, किसान सोसाइटियों में टोकन कटवाने के लिए सब काम छोड़कर खड़े हैं। श्री भाटिया ने बताया कि सरकार द्वारा इलेक्ट्रॉनिक कांटों से धान खरीदी का निर्णय किया गया है, लेकिन समिति में किसानों से सूखत के नाम पर प्रति तौल 200 से 300 ग्राम ज्यादा धान लिया जा रहा है। इससे किसानों में रोष व्याप्त है और इसकी शिकायत जिलाधीश एवं अनुविभागीय अधिकारी से की गई है।

## कार्यशाला में बाल विवाह मुक्त भारत अभियान की दी जानकारी




हरिभूमि न्यूज ⏭ बलौदाबाजार

बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम के तहत वैधानिक कार्यवाही करने के उपायों के संबंध में गुरूवार को कार्यशाला आयोजित की गई। बैठक का मुख्य उद्देश्य बाल विवाह की रोकथाम और इसके दुष्परिणामों के प्रति समुदाय को जागरूक करना था। कलेक्टर दीपक सोनी के निर्देशानुसार जिला कार्यक्रम अधिकारी श्री जाटवर ने बताया कि बाल विवाह मुक्त भारत अभियान का शुभारंभ 27 नवंबर से किया जाएगा। इस दिन जिले के सभी आंगनबाड़ी केंद्रों और ग्राम पंचायतों में बैठकें आयोजित की जाएंगी। इन बैठकों के माध्यम से समुदाय को बाल विवाह के सामाजिकए शारीरिक और मानसिक दुष्प्रभावों के बारे में जानकारी दी जाएगी। आंगनबाड़ी केंद्रों और पंचायत भवनों में दीवार लेखन और प्रचार.प्रसार के अन्य माध्यमों का उपयोग कर अभियान को प्रभावी बनाने की योजना बनाई गई है। इसके अलावाए समाज प्रमुखों को भी इस अभियान में शामिल करने और उन्हें बाल विवाह रोकथाम के प्रयासों में सहभागी बनाने की अपील की गई। समुदाय को जागरूक करने के उपाय अभियान के तहत गांव और समुदाय को बाल विवाह के खिलाफ जागरूक किया जाए। बाल विवाह न केवल बच्चों के स्वास्थ्य और शिक्षा पर प्रतिकूल प्रभाव डालता है। बल्कि यह उनके संपूर्ण भविष्य को भी प्रभावित करता है। इस विषय पर जागरूकता फैलाने के लिए आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं पंचायत प्रतिनिधियों और सामाजिक संगठनों को साथ लेकर विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जाएंगी।

## सहकारी समिति के अध्यक्षों ने मंत्री का माना आभार



हरिभूमि न्यूज ⏭ हिरमी रावन

भाजपा सुहेला मंडल अंतर्गत आने वाले सहकारी समिति अध्यक्षों ने भाजपा मंडल अध्यक्ष शिव कटरिया मंत्री प्रतिनिधि एवम भाजयुमो अध्यक्ष करन वर्मा के नेतृत्व में छ.ग. शासन के केबिनेट मंत्री एवम क्षेत्रीय विधायक टंक राम वर्मा से मिलकर अपनी नियुक्ति पर आभार जताया। इस अवसर पर मंत्री ने सभी नव नियुक्त अध्यक्षों का माला पहनाकर स्वागत किया और बधाई दी। तथा किसानों को धान बेचने में कोई दिक्कत न हो इसका ख्याल रखने को कहा इस अवसर पर भाजपा मंडल महामंत्री हेमंत बघमार दौलत पाल मानेश्वरी साहू अध्यक्ष गण प्यारे लाल बघमार, कुलेश्वर वर्मा ,भरत लाल साहू, ढेल सिंग वर्मा, खम्हन बघमार, गिरिजा शंकर वर्मा, हरिशंकर वर्मा, झाला राम वर्मा ,टेकराम निषाद, रमेश वर्मा, चोवा राम साहू, मोहन, छत्रपाल वर्मा, तुकेंद्र वर्मा, संदीप वर्मा, संतोष वर्मा साधराम नवरंगे, अनिल वर्मा,भागीरथी साहू, लखेश्वर साहू, भुनेश्वर साहू उपस्थित थे।

## सब इंस्पेक्टर बनीं भावना गुरुजनों का लिया आशीर्वाद



हरिभूमि न्यूज ⏭ सिमगा

विकासखंड सिमगा के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय नवापारा की छात्रा भावना वर्मा का चयन छ.ग.पुलिस विभाग में सब इंस्पेक्टर के पद पर हुआ है। भावना ग्राम नवापारा निवासी उदय राम वर्मा की पुत्री है। सब इंस्पेक्टर पद पर चयन होने के बाद भावना ने स्कूल आकर अपने गुरुजनों से भेंट कर उनका आशीर्वाद लिया।

04 दिन की यात्रा

12 जनवरी 2025
श्री जगन्नाथ पुरी यात्रा
श्री जगन्नाथ मंदिर, लिंगराज टेंपल, कोणार्क, केदारगौरी, चंद्रभागा, सिद्धेश्वर एंड मुकतेश्वर, खंडागिरी, धौलीगिरी, उदयगिरी
राशि: स्लीपर- 5500/-, 3AC-10,500/-
स्वामी तीर्थ यात्रा
संपूर्ण छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र राज्य में सबसे कम दरों पर तीर्थ यात्रा
91111-11866
Head Office : सिटी सेंटर मॉल ग्राउण्ड फ्लोर पावर हाउस रोड कोरबा (छ.ग.)

online Booking:-www.tripuryatra.com

दिनांक (05 दिन)
22 दिसंबर से 26 दिसंबर 2024, 13 जनवरी से 17 जनवरी 2025
26 जनवरी से 30 जनवरी 2025, 09 मार्च से 13 मार्च 2025
13 अप्रैल से 17 अप्रैल 2025
नेपाल विदेश यात्रा
पशुपतिनाथ, मनोकामना देवी, पोखरा (गुप्तेश्वर महादेव, डेविड फॉल, विंध्यवासिनी मंदिर, फेवालेक), काठमांडू (भोलेनाथ मंदिर, बूढ़ा नीलकंठ, शांघा), काठमांडू दरबार
Ex गोरखपुर/ नोतनवा
राशि:-स्टैंडर्ड पैकेज 7,500/- (+ 5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा
RAIPUR- D 36 Sector 4 Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411

One Way Taxi
अब आपके पास के भरोसेमंद कॉमन सर्विस सेंटर में उपलब्ध हो गयी है।

CSC
Your Trusted Neighbourhood Kiosk
Rahul Travels
— One Way Taxi Pvt Ltd —
CUSTOMER CARE NO.:7377511511